हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–96 : जौनपुर, शुक्रवार 09 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीसीटीवी लगनें से शरारत करने पर पुलिस कर देगी ढेर –सीएम योगी

कानपुर ब्यूरो : वीएसएसडी कॉलेज ग्राउंड में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 388 करोड़ रुपए की 272 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कानपुर की जनता का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार कानपुर समेत प्रदेश के विकास की प्रतिबद्धता के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कानपुर कभी उत्तर भारत के मैनचेस्टर के रूप में विख्यात था। अपने उद्योगों के बदौलत अलग पहचान रखता था, जो देशभर के नौजवानों के लिए रोजगार मुहैया कराता था। लेकिन 70–80 के दशक में कुछ लोगों की बदौलत देश के पांच बड़े महानगरों में गिना जाने वाला कानपुर अराजकता और अव्यवस्था का शिकार हो गया। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हम कानपुर का छवि बदलने के लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। नमामि गंगे, मेट्रो रेल, डिफेंस कॉरीडोर, स्मार्ट सिटी आदि से कानपुर को बदला जा रहा है। कानपुर सहित 18 शहर बन रहे हैं शेफ सिटी योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर के जरिए स्मार्ट मिशन में कोविड–19 की बेहतर व्यवस्था की गई। वही कूड़ा प्रबंधन और शहर को सुरक्षित रखने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया गया है। कानपुर सहित प्रदेश में बेहतर सुरक्षा और कानून व्यवस्था स्थापित हुई है। उन्होंने कहा कि आईसीसीसी के तहत कानपुर सहित 18 शहरों को सेफ सिटी बनाने के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसका परिवर्तन व्यापक रूप से देखने को मिल रहा है। अब कोई भी समाज विरोध तत्व अपराध करने की हिम्मत नहीं कर रही है। यदि किसी ने किसी चौराहे पर शरारत की, तो अगले चौराहे पर भागने से पहले ही पुलिस उसको ढेर कर चुकी होगी। क्योंकि उसकी तस्वीरें चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो चुकी होगी। यही नहीं, आम जनमानस की सुविधाओं को देखते हुए शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। निवेशकों के परिश्रम और पुरुषार्थ से शहर स्मार्ट हो रहे हैं। समारोह में सबसे पहले सीएम ने मंच पर छात्र अभिनव और आर्य को सम्मानित किया। इसके बाद प्रबुद्ध वर्ग से डॉक्टर, उद्यमी, शिक्षक समेत



51 लोगों को सम्मानित किया। प्रमिला पांडेय बोलीं– सीएम ने प्रदेश में दिया भय रहित माहौल समारोह में कानपुर मेयर प्रमिला पांडेय ने कहा कि प्रदेश में पहले भी कई सीएम आए हैं,लेकिन जो भय रहित माहौल प्रदेश में है। वो सिर्फ योगी जी की वजह से है। वहीं, सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में कानपुर सहित पूरा प्रदेश बदल रहा है। उन्होंने कहा कि गुजरात में मोदी जी के नेतृत्व में विजय का परचम फहराया। पहले उत्तर प्रदेश पिछड़ा प्रदेश था। योगी जी ने अपनी दूरदर्शिता और पक्के इरादे के बाल पर यूपी को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है। विकास के मामले में नंबर दो पर है अब यूपी और ये सिर्फ योगी ने कराया। वहीं, देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में 300 करोड़ का विकास कराया है। यहां मिनी पीजीआई की तरह इलाज होता है। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद से यूपी का कोई आदमी भूखा नहीं सोया है...सिर्फ मोदी और योगी की वजह से। यही नहीं,कानपुर विकास की नई इबारत तेजी से लिख रहा है। शहर को समय से पहले मेट्रो की सौगात मिली है। मैंने पचौरी जी के साथ मिलकर कानपुर को विकास की कई सौगात देने के लिए लगातार दिल्ली में प्रयास किया है और आगे भी करेंगे। इसके बाद गोद भराई और अन्नाप्रासन के लिए सीएम ने किट दी। आयुषी, शिविका और जया का अन्नप्राशन किया। साथ ही, रोशनी और रुकमणी की गोद भराई रस्म अदा की। साथ ही, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का वीडियो भी लांच किया गया। इसके बाद कानपुर स्मार्ट सिटी की कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन हुआ। इन योजनाओं का किया लोकार्पण कार्यक्रम में सीएम ने 387.59 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। पालिका स्टेडियम में बने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कारगिल पार्क में बोटिंग समेत 174.12 करोड़ की डेढ़ सौ परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसके अलावा 213.47 करोड़ की 122 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया।

## सेंट्रल पब्लिक स्कूल ने मनाया अपना वार्षिक उत्सव समारोह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। शिक्षा के मंदिर में शिक्षक पुजारी के समान तो विद्यार्थी उपासक के समान होता है। यहां ज्ञान के उजाले से जीवन रोशन होता है। इस क्रम में लखनऊ के चर्चित सेंट्रल पब्लिक स्कूल सेक्टर–08 रजनी खंड, में पांचवा वार्षिक उत्सव मनाया गया। जिसमें टीवी चौनल के चर्चित सीरियल भाभी जी घर पर हैं के चर्चित अभिनेता रोहिताश्व गौड़ एवं उनकी धर्मपत्नी रेखा गौर बतौर सेलिब्रिटी अतिथि और के रुप में शिरकत की एवं स्कूल प्रशासन द्वारा उन्हें सेंट्रल स्कूल का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर अभिनेता रोहिताश्व गौर ने मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कहा कि उन्हें लखनऊ आकर बहुत अच्छा लग रहा है और वह किसी ना किसी तरह से बच्चों से मिलने के लिए इस तरह के कार्यक्रम में जुड़ने का प्रयास करते रहते हैं साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पढ़ाई बच्चों के लिए बेहद जरूरी है लेकिन अभिनय, नृत्य ,गीत, संगीत किसी भी प्रकार की कला हो उसे बच्चों को प्रोत्साहित करने में अभिभावक बहुत बड़ा योगदान होता है। ताकि वो आगे बढ़ सके और स्कूल कमेटी को वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं दी इस मौके पर स्कूल की तरफ से छात्रों की विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे पुरस्कार वितरण के साथ सम्मान समारोह का अयोजन भी किया गया। डा जे एन पांडेय चेयरमैन, विमलेश पांडेय सचिव,द्वारा सम्मान में डॉ गुलाब राय , केतन शर्मा, डॉ निहारिका दीक्षित, रेखा सिंह , डॉक्टर रूपेंद्र श्रीवास्तव, डॉ आनंद शील चौधरी, एसिड अटैक सर्वाइवर सिरोज की महिला शक्ति रूपाली और उनकी टीम को सम्मानित किया गया, साथ ही गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को को जरूरत की सामग्री दी गई कार्यक्रम में स्वागत भाषण .लैंप लाइटिंग .स्वागत योग्य नृत्य प्रदर्शन .भारत के त्यौहार–फसल उत्सव–वसंत पंचमी–शिवरात्रि–होली–राम नवमी–गुरु पूर्णिमा–ईद–रक्षाबंध



ान–जन्माष्टमी–गणेश चतुर्थी–दुर्गा पूजा–दशहरा–दिवाली–गुरु पुरब–क्रिसमस . पुरस्कार समारोह एसिड अटैक . नायकों और टीम का अभिनंदन ग्रैंड फिनाले . राष्ट्रगान धन्यवाद प्रस्ताव द्वारा किया गया। एनुअल फिएस्टा 2022 कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी विक्रम कश्यप सेंट्रल पब्लिक स्कूल लखनऊ के द्वारा दी गई उन्होंने बताया की मुख्य बिंदु एसिड अटैक महिलाओं को वारियर के रूप में सम्मानित किया गया। एवं डॉक्टर एलपी मिश्रा को गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आमंत्रित किया गया एवं नरेश विशिष्ट युवा भा ज प नेता , श्री भुपेंद्र दूबे , अमर उजाला एवम् बृजेश कुमार , इण्डियन बैंक को भी सम्मानित किया। रेडियो एफ एम १०४ के जोके ने भी मेहमान का भरपूर मनोरंजन किया जिसमें स्कूल के चेयरमैन डॉक्टर जेएन पांडे ने बताया कि स्कूल इस बार वार्षिक उत्सव मना रहा है जिसके साथ साथ हमारे चर्चित टीवी कलाकार रोहिताश्व गौर ने बतौर अतिथि शिरकत करके हमारे स्कूल का मान बढ़ाया है एवं बच्चे उनसे मिलकर काफी खुश हुए क्योंकि ऐसा टीवी सीरियल है जो लाखों दर्शकों के दिलों पर राज करता आया है एवं प्रधानाचार्य दिव्या पांडे ने बताया कि की स्कूल डायरेक्टर टी एन पांडे सहित स्कूल के शिक्षक एवं बच्चे छात्र छात्राओं के अभिभावक मौजूद रहेंगे लगातार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एनुअल फंक्शन को बड़े धूमधाम से भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए मनाया गया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## हनुमत् कृपा ट्रस्ट द्वारा कथा व्यास को किया गया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी से सटे बाराबंकी जिले में सूरतगंज ब्लॉक के चन्दूरा गांव में सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के आखिरी दिन हनुमत् कृपा ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश दीक्षित ने मंचासीन व्यास विमल बल्लभ महाराज का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र और प्रभु श्रीराम, हनुमान जी व पूज्य बाबा नीब करौरी महाराज का संयुक्त चित्र



वाला मढ़ा कलेंडर देकर सम्मानित किया. इससे पहले, कथा की मुख्य संकल्पी राजेश्वरी दीक्षित और यजमान गिरीश चंद्र दीक्षित व श्रीमती रमा दीक्षित ने व्यास पीठ पर विराजमान बल्लभ जी को स्वर्ण आभूषण, अंग वस्त्र व दक्षिणा देकर सम्मानित किया.कथा व्यास विमल बल्लभ, आचार्य अथर्व मिश्र, आचार्य सुधाकर अवस्थी, श्याम सुंदर पाण्डेय, अनिरुद्ध जोशी व बांके बिहारी जोशी का सम्मान करने वाले राजेश दीक्षित ने सभी विद्वत् जनों को उपहार स्वरूप कंबल भेंट किया. आशुतोष दीक्षित व निर्मला दीक्षित ने स्मृति चिन्ह व दक्षिणा देकर सम्मानित किया. इससे पहले, आशीष दीक्षित ने उन्हें पगड़ी पहनाकर और शाल भेंट किया.सम्मान के बाद व्यास बल्लभ महाराज ने कहा कि श्रीमदभागवत कथा के दौरान चन्दूरा के दीक्षित परिवार से उन्हें जो मान सम्मान और प्रतिष्ठा मिली है, वह अविस्मरणीय है. इस दौरान परिवार के हर सदस्य की सक्रियता और भूमिका प्रशंसनीय व अनुकरणीय रही. गांव में सात दिन यज्ञ जैसा माहौल रहा जिसमें पूरे क्षेत्र की महिला, पुरुष, बच्चों व बुजुर्गों का पूरा सहयोग रहा. उन्होंने कहा कि समाज में भौतिक सम्पन्नता के साथ आध्यात्मिक सम्पन्नता भी बढ़नी चाहिए. सभी सम्प्रदाय के लोगों को गीता और रामायण का नियमित पाठ करना चाहिए. इससे बच्चों को घर से अच्छे संस्कार मिलेंगे जो उनके जीवन में पग पग पर काम आएंगे।

## मोहम्मद हसन डिग्री कॉलेज में दैनिक जागरण अखबार द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा माह का कार्यक्रम सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : मोहम्मद हसन डिग्री कॉलेज के मैदान में दैनिक जागरण अखबार के द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा माह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए तथा लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से दैनिक जागरण के द्वारा एक अभिनव पहल की गई है। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई कि सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखूंगा/रखूंगी। यातायात नियमों का हमेशा खुद और अपने परिजनों से पालन कराऊंगा/कराऊंगी। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनूंगा/पहनूगीं। कार चलाते समय सीट बेल्ट पहनूंगा/पहनूँगी। शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाऊंगा/चलाऊंगी। वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करूंगा/करूंगी। मैं हमेशा एम्बुलेंस और फायर बिग्रेड की गाड़ियों को पहले जाने के लिए रास्ता दूंगा/दूंगी। सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए तत्पर रहूंगा/रहूंगी। कार्यक्रम का संचालन अजय विक्रम सिंह ने किया। इसीक्रम में जनपद के थानों, तहसीलों, विकास खण्डों में लोगो को सड़क





सुरक्षा के सम्बन्ध में शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, एआरटीओ प्रशासन डॉ0 एस पी सिंह, स्मिता वर्मा, मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 नासिर खान, ब्यूरो दैनिक जागरण आनन्द स्वरुप चतुवेर्दी, अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ अमित सिंह, डॉ. प्रभात सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शीतलहर के दृष्टिगत जनहित हेतु जारी किए गए दिशा निर्देश

जौनपुर सू.वि. : जनपद जौनपुर में शीतलहरी के दृष्टिगत जनहित के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि शीतलहरी में क्या करें क्या न करें –रेडियो अथवा टी०वी० के माध्यम से लगातार मौसम की जानकारी लेते रहें। नाक, कान, गले को ढक कर रखें, शीतलहर से बचाव हेतु किट तैयार रखें, कई परत वाले अथवा गर्म कपड़े पहने। कमरें को गर्म रखने के लिए जलावन अथवा लकड़ी को न जलायें इससे कमरें में धुंआ फैलने का खतरा उत्पन्न हो सकता है। कोयले की अंगीठी/जलावन/हीटर का आदि का प्रयोग करते समय सावधानी का विशेष ध्यान रखें एवं कमरे की खिड़कियां खोलकर रखें ताकि अंगीठी/जलावन से उत्पन्न जहरीले धुंए से नुकसान न हो,घर के अन्दर सुरक्षित रहें। जब तक आवश्यक न हो घर से बाहर न निकलें। स्नान हेतु गर्म पानी का प्रयोग करें। विशेष परिस्थियों के लिए ईधन बचाकर रखें। शरीर को गर्म रखने हेतु पेय पदार्थों एवं पौष्टिक आहार का सेवन करें। शरीर के अंगों के सुन्न पड़ने, हाथ–पैरो, कान एवं सफेद या पीले



रंग के दाग पडने पर तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करें। शराब/मदिरा का सेवन न करें ये शरीर के तापमान को कम करता है। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करें।

## नामांकन से निर्वाचन की घोषणा तक विभिन्न मदों में जो व्यय किया जाएगा उसका लेखा–जोखा होगा तैयार

जौनपुर सू.वि. : जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) जौनपुर मनीष कुमार वर्मा ने नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2022 में निर्वाचन लड़ने वाले समस्त प्रत्याशियों को अवगत कराया है कि निर्वाचन आयोग, राज्य उ०प्र० लखनऊ द्वारा निर्देशित किया गया है कि प्रत्याशियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के दिनांक से निर्वाचन की घोषणा तक विभिन्न मदों में जो व्यय किया जाएगा, उसका लेखा–जोखा तैयार किया जाएगा। चुनाव से सम्बन्धित व्यय किये जाने हेतु प्रत्याशी द्वारा एक अलग से खाता खोला जाएगा। उक्त खाता की सूचना रिटर्निंग ऑफिसर एवं जनपद स्तरीय कमेटी को दी जाएगी। निर्वाचन में व्यय की गयी धनराशि के भुगतान की कार्यवाही उक्त खाता से प्रत्याशियों द्वारा की जाएगी। अतः नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2022 निर्वाचन लड़ने वाले समस्त प्रत्याशियों से अनुरोध है कि वे नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने से पूर्व चुनाव से सम्बन्धित व्यय किये जाने हेतु एक अलग से खाता खोल लें तथा निर्वाचन में व्यय की गयी धनराशि के भुगतान की कार्यवाही उक्त खातें से ही करें।

## गुजरात में जीत पर बीजेपी कार्यालय के बाहर जीत का जश्न

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : गुजरात में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत की खुशी में आज कानपुर के क्षेत्रीय कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा मिठाइयां एवं आतिशबाजी ढोल नगाड़े भांगड़ा



खूब जोरदार जश्न मनाया गया इस जीत की खुशी में क्षेत्रीय अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह छाबड़ा जी ने सभी को बहुत–बहुत बधाई दी इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष सरदार कमलजीत सिंह बग्गा जी, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सिमरन कौर जी ,मंत्री इकबाल कौर जी,रविंदर सिंह रिंकू जी, नीतू सिंगर जी ,जावेद जी ,गगनदीप सिंह जी,नीतू सिंह जी, और भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

ईश्वर वो नहीं देता जो आपको अच्छा लगता है, ईश्वर वह देता है जो आपके लिए अच्छा होता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# गुजरात में भाजपा को प्रचंड बहुमत

सत्ता विरोधी रुझान तो गुजरात में भी था, लेकिन नतीजे से लगता है कि आक्रोश उतना ज्यादा नहीं था कि लोग घरों से निकलें और कांग्रेस को वोट देकर भाजपा को हराएं।

हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभाओं के नतीजे आ चुके हैं। गुजरात में जहां भाजपा ने अपनी बादशाहत कायम रखी है, वहीं हिमाचल प्रदेश में उसे अपनी सत्ता गंवानी पड़ी है, जहां कांग्रेस ने थोड़े–से अंतर से बहुमत हासिल कर लिया है। चुनाव के इन नतीजों से एक बात जो स्पष्ट होती है, वह यह कि गुजरात में नरेंद्र मोदी अजेय हैं। सत्ताइस साल के सत्ता विरोधी रुझान के बावजूद विधानसभा चुनाव में इस तरह का प्रदर्शन कोई सामान्य बात नहीं है। और वह भी तब, जब भाजपा को तीन बार अपने मुख्यमंत्री बदलने पड़े। अगर भाजपा के मुख्यमंत्रियों से जनता नाराज नहीं रहती, तो भाजपा अपने मुख्यमंत्रियों को क्यों बदलती! हालांकि भाजपा का गुजरात में जीतना लगभग तय था, क्योंकि वह प्रधानमंत्री और गृहमंत्री, दोनों का गृह प्रदेश है, फिर भी मोदी ने वहां अपनी सारी ताकत झोंक दी और 30 से ज्यादा रैलियां कीं।

उनका मकसद था कि माधव सिंह सोलंकी के 149 सीटें जीतने का रिकॉर्ड तोड़ा जाए, और उन्होंने वह रिकॉर्ड तोड़ दिया। गौरतलब है कि वर्ष 1985 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के नेता माधव सिंह सोलंकी ने सोशल इंजीनियरिंग करके 149 सीटों पर जीत हासिल की थी, जो एक रिकॉर्ड था। इस बार भाजपा ने लगातार सातवीं बार गुजरात में जीत हासिल की है। इससे पहले वामपंथी दलों ने पश्चिम बंगाल में लगातार सातवीं बार जीत हासिल की थी। यह भी भाजपा के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अगर भाजपा ने सिर्फ सीटें ही जीती होतीं और उसका वोट शेयर पिछली बार के मुकाबले नहीं बढ़ता, तो कहा जा सकता था कि विपक्षी दलों में वोटों का बंदरबांट हो गया, इसलिए भाजपा जीत गई है। लेकिन भाजपा ने सिर्फ सीटें ही नहीं जीती हैं, बल्कि लगभग चार फीसदी उसका वोट शेयर भी बढ़ा है। सीटों से ज्यादा महत्वपूर्ण वोट शेयर का बढ़ना है। यह भी तय है कि तमाम शिकायतों के बावजूद लोगों ने मोदी का मान रखा है। कुछ लोगों ने तो यह भी कहा कि अगर मोदी नहीं होते, तो भाजपा वहां हार जाती।

एक और बात है कि मोदी भाजपा के लिए तुरुप का पत्ता तो हैं ही, और इस बार मोदी मैजिक चला भी है। लेकिन हर बार यह काम कर जाए, यह जरूरी नहीं है, क्योंकि हरेक राज्य की परिस्थितियां बहुत अलग–अलग होती हैं। दिल्ली और हिमाचल प्रदेश के अलावा इससे पहले भी कई राज्यों–पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र में मोदी मैजिक नहीं चला था। हां, यह जरूर कह सकते हैं कि मोदी मैजिक भाजपा की कमियों की भरपाई करता है, इसलिए दिल्ली नगर निगम और हिमाचल प्रदेश में भाजपा बेशक चुनाव हार गई, लेकिन उसका प्रदर्शन उतना बुरा नहीं रहा है। यदि हिमाचल में मोदी फैक्टर नहीं होता, तो भाजपा और भी बुरी तरह से हार जाती। हो सकता है, मोदी फैक्टर ने भाजपा को बुरी हार से बचा लिया।

सत्ता विरोधी रुझान तो गुजरात में भी था, लेकिन नतीजे से लगता है कि आक्रोश उतना ज्यादा नहीं था कि लोग घरों से निकलें और कांग्रेस को वोट देकर भाजपा को हराएं। हिमाचल प्रदेश में सत्ता विरोधी रुझान तो था ही, लोग परेशान थे और नई पेंशन एवं पुरानी पेंशन का मसला वहां एक बड़ा मुद्दा बन गया। भाजपा ने पुरानी पेंशन प्रणाली खत्म करके नई पेंशन प्रणाली लागू की, जबकि सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन चाहते हैं। कांग्रेस ने पुरानी पेंशन प्रणाली का वादा किया, जिसका उसे लाभ मिला, क्योंकि सरकारी कर्मचारी जिस पार्टी के विरोध का मन बना लेते हैं, फिर उस पार्टी के लिए जीतना मुश्किल हो जाता है। हालांकि हिमाचल में कांग्रेस ने नेतृत्व का एलान नहीं किया था, पर वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह तो चुनाव प्रभाव का नेतृत्व कर ही रही थीं। वहां कांग्रेस का संगठन भी मजबूत है, इसलिए उसने अच्छी लड़ाई लड़ी।

कांग्रेस भले ही हिमाचल प्रदेश जीत गई है, लेकिन गुजरात में उसका जो हश्र हुआ है, वह उसकी निष्क्रियता के कारण हुआ है। पिछली बार उसे 77 सीटें मिली थीं और भाजपा को 99, लेकिन कांग्रेस ने अपनी कमियों को सुधारने के लिए कुछ किया ही नहीं। पिछली बार जो लोग उसके साथ थे, उनका भी वह ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाई, नतीजतन वे भाजपा के पाले में चले गए। ऐसा लग रहा था कि कांग्रेस ने हथियार डाल दिए थे कि गुजरात में तो हम जीत ही नहीं पाएंगे। और 'भारत जोड़ो यात्रा' का समय भी ऐसा चुना गया, जब इधर दो राज्यों में चुनाव हो रहे थे। यह यात्रा तो 2023 में भी हो सकती थी। हालांकि इस यात्रा से लोगों से जुड़ाव हो रहा है, लेकिन अगर लोगों का जुड़ाव वोटों में तब्दील न हो, तो बिना सत्ता के आप लोगों का क्या हित कर सकते हैं!

जहां तक इन परिणामों के 2024 के चुनावों पर पड़ने वाले प्रभावों की बात है, तो हमें ध्यान रखना होगा कि अगले वर्ष 2023 में नौ राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं, और जिन राज्यों में नवंबर–दिसंबर में चुनाव होंगे, उनके नतीजे 2024 के लिए मतदाताओं के मानस को प्रभावित करेंगे। तब तक गुजरात का चुनाव परिणाम एक साल पुराना हो जाएगा, लेकिन गुजरात के नतीजे से मोदी को जो मजबूती मिली है, वह फैक्टर रहेगा। इन नतीजों का एक और स्पष्ट संदेश है कि जब तक विपक्षी दलों में एकजुटता नहीं होगी, तब तक वर्ष 2024 में भाजपा को हरा पाना मुश्किल होगा। ऐस में विपक्ष की एकजुटता का होना और भी जरूरी हो गया है।

हो सकता है कि राष्ट्रीय स्तर पर किसी एक चेहरे का एलान नहीं हो, क्योंकि कोई एक चेहरा चुनने के चक्कर में आम सहमति बनेगी नहीं। लेकिन चेहरे से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है कि लोकसभा क्षेत्र में विपक्ष का एक उम्मीदवार भाजपा को सीधे टक्कर दे। भाजपा के खिलाफ यदि विपक्ष का एक उम्मीदवार खड़ा होगा, तो विपक्ष की एकजुटता दिखेगी और उसका उसे फायदा होगा। कुल मिलाकर, इन नतीजों से जहां गुजरात में नरेंद्र मोदी की अजेयता सिद्ध होती है, वहीं कांग्रेस का भी हिमाचल की सत्ता मिलने से हौसला बढ़ेगा, लेकिन उसके लिए जूझने और लड़ने का स्वयं में जुनून पैदा करने का संदेश भी इसमें छिपा हुआ है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम मे तम्बाकू का उपयोग न करने की दिलायी गयी शपथ

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज कोविड कमांड सेंटर सभागार नगर पालिका परिषद मे राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत ''Orientation of Stakeholder Organizations'' पर एक उन्मुखीकरण/कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विवेक अवस्थी रिजन कोआर्डिनेटर, यू०पी०वी०एच०ए० द्वारा सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 की धारा–4, धारा–5 एवं धारा–6 (अ) व धारा–6 (ब) के बारे बताया गया। साथ ही राज्य स्तर से प्राप्त गाइडलाइन (ज्वम्थ्) तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। जिसके अन्तर्गत किसी विद्यालय के 100 गज के दायरे में कोई भी तम्बाकू उत्पाद की बिक्री न की जाए। डा० सुशील कुमार अ०मु०चि०अ०,/नोडल अधिकारी एन०टी०सी०पी०, द्वारा बताया गया कि तम्बाकू के उपयोग से शरीर का कोई भी अंग ऐसा नहीं है जो इससे प्रभावित न होता हो जिसमें मुख्यतः कैंसर, हृदय रोग, फेफड़े की बीमारी अधिक होती है। सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 की



धारा–4 सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू उत्पाद का प्रयोग करना दण्डनीय अपराध है। जिसका उल्लंघन करने पर रू0 200 /– तक का जुर्माना किया जा सकता है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने इस अवसर पर तम्बाकू का उपयोग न करने की शपथ दिलायी। इस अवसर पर डा० शिवम् गुप्ता, जिला सलाहकार एन०टी०सी०पी०, डा० दिलीप जायसवाल, हेमलता शर्मा काउन्सलर, हिमांशु सिंह डाटा इंट्री आपरेटर आदि उपस्थित रहे।

## गुजरात में जीत पर भाजपाईयों ने व्यक्त की खुशी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर गुजरात की ऐतिहासिक जीत पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी मनाई। जिला कार्यालय पर पूर्व जिला अध्यक्ष पीसीएफ डायरेक्टर तथा गुजरात विधानसभा चुनाव में राजकोट विधानसभा के प्रवासी राम बहादुर सिंह ने पदाधिकारियों का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर मौजूद जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन ने कहा गुजरात में लगातार सातवीं बार भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं बंपर जीत ने विपक्ष का सफाया कर यह सिद्ध कर दिया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुजरात मॉडल विकास का मॉडल है। राम बहादुर सिंह ने कहा गुजरात तथा देश की जनता के दिलों में नरेंद्र मोदी बसते हैं। 2024 आम चुनाव का ट्रेलर आज दिखा है। भारतीय जनता पार्टी तथा नरेंद्र मोदी का कोई



विकल्प नहीं है। इस अवसर पर जिला महामंत्री ओम वर्मा अनुराग मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा हर्षित मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके साथ ही जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज भारतीय जनता पार्टी के दोनों सांसदों 8 विधायकों सभी पूर्व जिला अध्यक्षों सहित तमाम वर्तमान तथा पूर्व पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया।

## श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल हरदोई का द्वितीय दिवस वार्षिकोत्सव उत्साह पूर्वक सम्पन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में चल रहे चार दिवसीय वार्षिकोत्सव का दूसरा दिन उत्साह से भरा रहा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता में लगभग 5 सैकड़ा बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों का उत्साह व प्रतियोगिताओं के प्रति उनका आकर्षण देखते ही बनता था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उप प्रबंधक मुकेश सिंह व प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। दूसरे दिन आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में बच्चों ने घर की पुरानी चीजों से वाटर डिस्पेंसर वजर वायर गेम, इलेक्ट्रिक हाउस स्टडी लैंप, वाटर सेवर ,वॉल हैंगिंग ,कूलर टॉय आदि प्रोजेक्ट तैयार करके अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में आरूष ,आर्यन, दर्श ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके बाजी मारी। चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण ,महिला सशक्तिकरण ,सेव वाटर आकृतियों को अपनी उंगलियों से उकेरा। चित्रकला प्रतियोगिता में दीपक ने प्रथम प्रिया ने द्वितीय व शिवांशु को तृतीय स्थान मिला। रंगों से भरी रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 7,8,9 की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करके बाजी मारी। कलश सज्जा व मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया ।इसमें रिया को पहला ,लक्ष्मी को दूसरा व खुशबू को तीसरा स्थान मिला। खो–खो प्रतियोगिता में कक्षा 5 व कक्षा 6 के बच्चों ने बाजी मारी । वहीं तीन पैर की दौड़ में प्रतिभाग करके संदेश दिया कि यदि मन में किसी काम को करने का जज्बा हो तो कोई भी काम नामुमकिन नहीं होता। इस प्रतियोगिता में





क्रमशः उत्कर्ष,सत्यम वर्मा, वैभव वर्मा को पहला दूसरा व तीसरा स्थान मिला। समस्त प्रतियोगिताएं प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी की देखरेख में आयोजित हुई इस अवसर पर शिक्षिका बीना गुप्ता, दिव्या सिंह, विनीता शुक्ला, अर्पिता सिंह ,कविता गुप्ता, नैंसी ,रोली, अपर्णा, रूपाली ,पूजा, सोनम ,नीलम, शीलू ,शिवानी ,आरती, रेखारानी ,सोनी, प्रज्ञा ,स्वाति, पूनम व शिक्षक रामप्रकाश पांडे, अशोक गुप्ता, देवेश सिंह ,संजय गुप्ता, उदय शुक्ला, भूपेश सिंह आदि मौजूद रहे। 10 दिसंबर को मंच पर अपराह्न 2:00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम व गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी उप प्रबंधक मुकेश सिंह ने दी।

## हाईकोर्ट के आदेश का कराया प्रशासन ने पालन : कब्जा हटा

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : हलियापुर थानाक्षेत्र के कांपा गांव में एक चकमार्ग पर अवैध कब्जे को हाईकोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन ने हटवा दिया है। इस कार्रवाई के दौरान हड़कंप मचा रहा। रमाशंकर सिंह ने कोर्ट में वाद दायर किया था कि चकमार्ग पर कब्जा किया गया है। रमा शंकर सिंह बनाम उप्र राज्य के केस में कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए चकमार्ग को खाली करने का आदेश दिया था।जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश के तहत बृहस्पतिवार को तहसीलदार बल्दीराय घनश्याम भारतीय,नायब तहसीलदार गुलाब सिंह,हलियापुर थानाध्यक्ष राम विलास सुमन,कानूनगो व लेखपाल आदि की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी से बांस कोठ व पेड़ को हटवा दिया।



एसडीएम बल्दीराय महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कोर्ट के आदेश के तहत यह कार्रवाई की गई है। बताया कि दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी भी दी गई है। इस कार्रवाई के दौरान वहां हड़कंप मचा रहा।

## नगर पालिका परिषद शाहाबाद में स्वच्छता पर जोर : जहां था कूड़ों का ढेर वहां बने सेल्फी प्वाइंट

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नगर पालिका परिषद,शाहाबाद के अधिशाषी अधिकारी राम रतन अम्बेश का एक अभियान खत्म नहीं हुआ कि दूसरा शुरू हो जाता है।उनका लक्ष्य एक है नगर को स्वच्छ बनाना। अभी पहले स्वच्छता पखवाड़ा चला, इसके बाद कूड़ों के ढेर को हटाने का अभियान चला। इसके तुरंत बाद अब नगर सुशोभन अभियान शुरू हो गया। इसके परिणाम भी सामने आने लगे।जहां पर पहले कूड़ों का ढेर हुआ करता था, आज वहां स्वच्छता के साथ ही इंटरलॉकिंग कराकर कुर्सियां डलवाकर सेल्फी प्वाइंट बना दिए गए। शाहाबाद और पिहानी लगे कूड़े के ढेर को हटाकर उस स्थान को सजा दिया गया है। इस तरह से कई ऐसे जगह हैं, जहां पर कूड़े के ढेर की जगह पर अब सेल्फी प्वाइंट बनाये जा रहे हैं। अनौपचारिक बातचीत में अधिशाषी अधिकारी राम रतन अंबेश ने बताया कि नगर के बरुआ बाजार वार्ड में छाया कुआं के पास वर्षों से बने कूड़ा स्थल को स्वच्छ कर वहां पर इंटरलॉकिंग कराकर कुर्सियां डलवाकर सेल्फी प्वाइंट बना दिया गया है।साथ ही कुआं पर तीन शेड डलवाया जायेगा।इसके अलावा बरुआ बाजार में देवकी नंदन के घर के सामने पड़ रहे कूड़े को हटवाकर गमले लगाकर सजाया



जाएगा। नगर क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पास कांशीराम कालोनी के कूड़ा स्थल को भी हटाकर सेल्फी प्वाइंट बना दिया गया है।इसके अलावा टाउन स्कूल के पास कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के पास भी कूड़ा हटवाकर सेल्फी प्वाइंट बना दिया गया है। नगर विकास मंत्री ए के शर्मा के साथ साथ ई ओ की सफाई अभियान के बारे में अपनी सोच है। वे हर काम को अभियान से जोड़कर देखते हैं। इसके साथ ही हमेशा छोटे कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करने के लिए भी तैयार रहते हैं। वे हर वक्त जनता से भी सफाई अभियान में जागरुकता लाने की अपील करते रहते हैं। वे मानते हैं कि जागरुकता से ही सफाई अभियान का लक्ष्य पाया जा सकता है।इस अवसर पर सफाई निरीक्षक दीपक कुमार भी मौजूद रहे।

## अनीमिया मुक्त भारत पर की गई प्रेस वार्ता

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : आज 08:12 को कानपुर गायनी फोरम, ने राष्ट्रीय गायनी फोरम के साथ मिलकर एक प्रेस वार्ता होटल प्रीटीन्स जीटी रोड में की गई जिसमें डॉ कंचन शर्मा बताया के सुबह 10 बजे से 01 बजे तक अपर इंडिया जच्चा बच्चा अस्पताल में निःशुल्क चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें विभागाध्यक्ष डॉ० नीना गुप्ता, अध्यक्ष डॉ० कषा इनका सचिव डॉ० कंचन शर्मा व महिला सशक्तिकरण की अध्यक्ष मो० डॉ० मीरा अग्निहोत्री तथा किरन पाण्डेय व अन्य स्त्रीरोग विशेषज्ञ थे। कैम्प में हीमोग्लोबिन, सुगर व थायराइड की जाँच रेड क्लीफ लैब द्वारा निःशुल्क की गई थी। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के स्वप्न पोषण युक्त और एनीमिया मुक्त भारत को पूरा करने के लिए FOGSI डॉ० ऋषिकेश पाई की अध्यक्षता में नारी स्वास्थ्य आन्दोलन यात्रा एनीमिया नेशनल राईड कार्यक्रम आयोजित किया गया। खून की कमी अर्थात् एनीमिया हमारे देश के बच्चों, लड़कियों और महिलाओं की बृहद समस्या है लगभग 55–60 प्रतिशत महिलाएं इससे प्रभावित है। इसके कारण कमजोरी, सॉस फूलना, गर्भपात बांझपन, गर्भावस्था में गर्भस्थ शिशु का कम विकास होना समय पूर्व प्रसव, बच्चों में खून की कमी आदि जैसी समस्यायें हो सकती है। हमारा संगठन FOGSI कानपुर ऑब्स और गाइनी




सोसायटी के सहयोग से एनीमिया के प्रति जागरूकता एवं इसकी रोकथाम एवं निदान और निवारण के लिए देशव्यापी आंदोलन कर रहा है,यह एक यात्रा के रूप में ऋषिकेश से शुरू होकर गंगानगर बंगाल में समाप्त होगी,, डॉ कंचन शर्मा व अध्यक्ष डॉ किरण पांडेय अन्य डॉ ऋचा शर्मा द्वारा आधुनिक विषयो पर चर्चा की गई, कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित डॉ अर्चना वर्मा डॉक्टर कोमल धवन डॉ अंजना खन्ना डॉ किरण सिन्हा आदि रहे,, मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीमती नीलिमा कटियार श्री अतुल पाठक वाह श्रीमती प्रमिला पांडे उपस्थित रहे।

## समर्पण महिला उत्थान समिति की अध्यक्ष के नेतृत्व में अनीता शुक्ला ने चलाया सदस्यता अभियान

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : आज कानपुर में समर्पण महिला उत्थान समिति की अध्यक्ष के नेतृत्व में अनीता शुक्ला ने चलाया सदस्यता अभियान संस्था में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया अनीता शुक्ला के द्वारा बताया गया कि हमारी समिति महिलाओं के अधिकार व सम्मान की लड़ाई लड़ेगी और महिलाएं कैसे अपनी सुरक्षा कर सकते हैं उनके अधिकार क्या है और वह कैसे अपना रोजगार स्थापित कर सकते हैं इन सब की जानकारी अनीता शुक्ला जी के माध्यम से दिए गए संस्था में 10 महिलाओं ने सदस्यता ग्रहण की महिलाओं में काफी उत्साह है समित से जुड़ कर दिखा संस्था समिति की



महिलाओं को रोजगार वह सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहेगी।

### यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक : छात्र छात्राओं को दिलाई गई शपथ

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : नगर के सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कॉलेज में शुक्रवार को छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने और कराने की जानकारी देकर शपथ दिलाई गई। कालेज की छात्र/छात्राओं ने शपथ लेने के दौरान संकल्प लिया कि वह खुद भी यातायात नियमों का पालन करेंगे साथ ही परिवार के व आस पड़ोस के अन्य लोगों को भी नियमों का पालन करने के लिए जागरूक और प्रेरित करेंगे। कालेज के अंग्रेजी शिक्षक सोनू कुमार ने बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई,साथ ही उन्होंने छात्र/छात्राओं से दो पहिया वाहनों से चल रहे लोगों को सड़क सुरक्षा के तहत जागरूक करने का भी आग्रह किया। कहा कि दुर्घटनाओं से बचने के लिए हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। बच्चों को हिदायत दी कि वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग बिल्कुल भी न करें।यदि अविभावक ऐसा करें तो प्रत्येक बच्चा उन्हें टोंक दे।तेज रफ्तार गाड़ी न चलायें,जिससे



कि हमारा भी जीवन संकट में हो और सामने वाले का भी जीवन संकट में आ जाये। कहा कि 18 वर्ष से नीचे के किशोर दो पहिया, व चार पहिया वाहन ना चलायें। 18 वर्ष से ऊपर के सभी युवकों व पुरूष हेलमेट व सीट बेल्ट व ड्राइविंग लाइसेंस गाड़ी के कागजात के साथ ही वाहन को लेकर रोड पर निकलें।सड़क दुर्घटनाओं की प्रमुख बजह यातायात नियमों का पालन न करना,और असुरक्षित वाहन चलाना है।इसलिए सभी नियमों का पालन करें।इस मौके पर सभी शिक्षक/कर्मचारी व बच्चे मौजूद रहे।

# 2024 की चुनावी बिसात बिछाएंगे मैनपुरी लोकसभा और खतौली–रामपुर विधानसभा सीटों के नतीजे

लखनऊ ब्यूरो : नतीजे भले ही उपचुनाव के हों, लेकिन निहितार्थ दूरगामी होंगे। मैनपुरी लोकसभा और खतौली व रामपुर विधानसभा सीटों के नतीजे 2024 की चुनावी बिसात बिछाएंगे। विपक्ष के बीच सपा का महत्व तो बढ़ेगा ही साथ ही भाजपा, कांग्रेस और बसपा की चुनौती भी बढ़ेगी। हालांकि, भाजपा के लिए सुकून की बात यह है कि उसने सपा के दिग्गज चेहरे आजम खां का किला ध्वस्त कर भगवा परचम लहरा दिया है। रामपुर में पहली बार कमल खिलाकर कीर्तिमान ही नहीं बनाया है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने मुस्लिम वोटों की सियासत की प्रासंगिकता निरंतर घटने के संदेश पर मुहर लगाई है। इसके बावजूद लोकसभा की मैनपुरी सीट के जीत के संदेश के साथ चाचा–भतीजे एक हो गए हैं। शिवपाल ने लगभग छह साल पहले बनी अपनी पार्टी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का सपा में विलय कर दिया है। उधर, मुजफ्फरनगर की खतौली सीट भी भाजपा की झोली से निकलकर सपा–रालोद के गठबंधन के पास चली गई है। यह इस बात का संकेत है कि 2024 के मद्देनजर भाजपा को पूरी रणनीति पर नए सिरे से सोच–विचार करना होगा। कारण, तीनों सीटों के राजनीतिक और सामाजिक समीकरण जिस तरह के हैं, उसको देखते हुए ये भविष्य में भाजपा की रणनीतिक चुनौती बढ़ाते नजर आ रहे हैं। उपचुनाव की सफलता से निश्चय ही निकाय चुनावों में सपा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा।' सहानुभूति लहर का लाभ यह बात सही है कि उपचुनाव के आधार पर 2024 के लोकसभा चुनाव के समीकरणों को लेकर कोई भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। अतीत में लोस की गोरखपुर, फूलपुर, कैराना और विस की नूरपुर सीटों के उपचुनाव में हारने के बावजूद भाजपा के 2019 के लोकसभा चुनाव में बड़ी सफलता हासिल करने का उदाहरण सामने है। यह भी कहा जा सकता है कि मैनपुरी सीट पर सपा को मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण सहानुभूति की लहर का लाभ मिला है, पर राजनीति में धारणाओं का बड़ा महत्व होता है। नतीजों ने इस धारणा को तो मजबूत ही किया है कि लोकसभा की रामपुर, आजमगढ़ तथा विधानसभा की लखीमपुरखीरी की गोला सीट पर हुए



उपचुनाव में भाजपा की जीत का अर्थ इसका अजेय हो जाना नहीं है। अगर ये जीत मिली थी तो उसके पीछे यादव परिवार में मतभेद तथा विपक्ष के वोटों में बंटवारा था। नतीजों ने भाजपा को चुनावी रणनीति पर लगातार काम करते रहने के साथ उसकी समीक्षा की भी जरूरत समझाई है । क्या करवट लेगी मुस्लिम सियासत रामपुर में 50: से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। यहां भाजपा की जीत के बाद मुस्लिम सियासत के भावी रुख को लेकर जिज्ञासा स्वाभाविक है। कारण, रामपुर जिला ही सर्वाधिक मुस्लिम आबादी वाला नहीं है, बल्कि रामपुर सीट पर भी मुस्लिम मतदाता 50 फीसदी से अधिक हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या प्रदेश में मुस्लिम राजनीति अप्रासंगिक हो रही है? भाजपा के हिंदुत्व के कार्ड ने मुस्लिम समीकरणों को ध्वस्त कर दिया है? ऐसा लगता है कि केंद्र और राज्य की योगी सरकार के गरीब कल्याणकारी योजनाएं और तीन तलाक जैसे फैसले मुस्लिम आबादी के बीच भाजपा के विरोध को कम कर रहे हैं। हालांकि अभी यह कहना मुश्किल है कि उनके बीच भाजपा का समर्थन बढ़ रहा है, लेकिन विरोध के कमजोर होते स्वर उन्हें भाजपा के प्रति तटस्थ बनाते जरूर दिख रहे हैं। नतीजों के निहितार्थों को समझना जरूरी नतीजे भाजपा को अति आत्मविश्वास से बचने की सलाह देते नजर आ रहे हैं। तीनों सीटों के राजनीतिक तथा सामाजिक सरोकारों के समीकरण काफी व्यापक हैं। खासतौर से मैनपुरी और खतौली सीटों पर पिछड़ी जाति के मतदाताओं की संख्या निर्णायक है। मैनपुरी में जिस तरह डिंपल को वोट मिले हैं, वे भाजपा को यादव और जाटव जोड़ो अभियान की समीक्षा की सलाह दे रहे हैं। यह स्थिति लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सपा को भाजपा के खिलाफ प्रदेश में मजबूत विकल्प बनने की कोशिश करने की ताकत दे रही है।

# उच्च सदन में गूंजा मुंगरा ओवरब्रिज का मुद्दा : जनता के मन में फिर जगी उम्मीद की किरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रयागराज गोरखपुर मार्ग पर स्थित मुंगरा बादशाहपुर में ओवरब्रिज न बनने से प्रतिदिन यात्रियों को घंटो जाम में अपना समय व्यतीत करना पड़ता है। करीब एक वर्ष पूर्व मुंगरा बादशाहपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब आए थे तब भी मंच से सीमा द्विवेदी ने यह समस्या उनके सामने रखी थी लेकिन अब तक कोई हल नहीं हो सका। गुरुवार को उच्च सदन में राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने मुंगरा बादशाहपुर ओवरब्रिज का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सदन में कहा कि गोरखपुर से प्रयागराज जाने का यह मुख्य मार्ग है। प्रयागराज में कुंभ मेला भी लगने वाला है। उच्च न्यायालय, विश्वविद्यालय समेत अनेक सुविधाएं प्रयागराज में उपलब्ध है। ऐसे में इस मार्ग आवागमन बहुत अधिक है। ओवरब्रिज न बनने से यात्रियों को समस्या होती है इसलिए इस समस्या का निदान जल्द से जल्द होना चाहिए। आपके अपने अखबार से बातचीत के दौरान सीमा द्विवेदी ने कहा कि इस समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए मैने यह भी कहा कि जब अगली बार संसद सत्र शुरू हो तब तक इसका हल निकल जाना चाहिए जिससे जनता को राहत मिल सके। कुछ ही दिन बाद कुंभ मेला भी शुरू हो जाएगा लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मुंगरा ओवरब्रिज के अलावा वन्य जीव संरक्षण पर भी मैने आवाज उठाई। अपनी क्षेत्र के जनता की समस्या को दूर करने के लिए जो भी करना होगा करूंगी। जनता के लिए सदैव तत्पर रहूंगी।

# बक्सा विकास खंड की 30 ग्राम पंचायतों में इस सत्र में नहीं मिल पायेगा आवास का लाभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्सा विकास खंड के कुल99 ग्राम पंचायतों में 30 ग्राम पंचायतों को इस सत्र में एक भी आवास नहीं बन पाएगा जिसकी जानकारी होने पर उस गांव के जनप्रतिनिधि जानकारी प्राप्त करने ब्लाक का चक्कर लगा रहे हैं ।शासन द्वारा प्रत्येक वर्ष गरीबो के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में आवास का लक्ष्य दिया जाता है इस वित्तीय वर्ष22঳23 में शासन द्वारा बक्सा विकास खंड के 99 ग्राम पंचायतों में महज 69 ग्राम पंचायतों को 749 आवास का लक्ष्य प्राप्त हुआ ।जबकि30 ग्राम पंचायतों में आवास का एक भी लक्ष्य नहीं मिला है जिससे वहां आवास बन पाना मुश्किल है। इस विषय मे परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास जयकेश त्रिपाठी ने बताया कि आवास का लक्ष्य शासन से निर्धारित होता है यहां से कुछ नहीं होता जिले की कई ग्राम पंचायतों में लक्ष्य शून्य है आगे शासन से लक्ष्य प्राप्त होते ही अवशेष सभी ग्राम पंचायतों में आवास मिल जाएगा।

# अधिवक्ता के घर पर दो लाख कैश सहित 12 लाख के गहनों की चोरी : छत के रास्ते घुसकर चोरी की घटना को दिया अंजाम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के मोलनापुर गाँव में छत के रास्ते अधिवक्ता के घर में घुसे चोरों ने लाखों के गहने सहित दो रुपये चुराकर फरार हो गए। क्षेत्र में इतनी बड़ी चोरी चर्चा का विषय बनी हुई है। वही पुलिस चोरी पर पर्दा डालने में जुटी है। उक्त गांव निवासी अवनींद्र दुबे मछलीशहर तहसील में अधिवक्ता है। वह बार एसोसिएशन के महामंत्री भी रह चुके है। बीते चार तारीख को वह अपने पत्नी सहित मुंबई गए हुए है। उनके बूढ़े माता पिता सहित उनकी बहू गुरुवार रात रोज की भांति घर के हाल व ओसारे में सो गए। उनका पुत्र अंशुमान दुबे शादी विवाह में वीडियोग्राफी करते है। वह भी लग्न में चले गए। चोरों ने जिसका फायदा उठाते हुए घर के पीछे से छत पर चढ़ गए और छत पर लगे दरवाजे की कुंडी तोड़कर आँगन में घुस गए। आँगन में आने के बाद उन्होंने उनके कमरे व पुत्र के कमरे की कुंडी निकालकर अंदर घुस गए और आराम से दोनों कमरे की अलमारी तोड़कर उसमें रखा सोने का एक हार, चार कंगन, एक माथे की बिंदिया, एक नथिया, 12 अंगूठी, दो मंगलसूत्र, चार सोने की चैन, 7 जोड़ी कान का झुमका, 9 जोड़ी पायल, 1 छागल, 1 करधन, एक फूल पेटी करधन के साथ उसमें रखा दो लाख रुपये लेकर पुनः छत के रास्ते फरार हो गए। शादी के कार्यक्रम से लगभग दो बजे आये अंशुमान जब घर मे आये तो अलमारी के साथ उसका टूटा लॉकर देखकर घर वालों को जगाया। घर मे हल्ला सुनकर पहुँचे पड़ोसियों को जब घटना की जानकारी हुई तो सब ने काफी खोजबीन की किन्तु चोर तबतक फरार हो चुके थे। भुक्तभोगी चोरी की घटना की जानकारी आधी रात ही पिता को और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस लिखापढ़ी कर चली गई। शुक्रवार भोर में पहुँची फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड ने छानबीन की किन्तु कोई सफलता हाथ नही मिली। भुक्तभोगी ने सुबह कोतवाली पहुंच चोरी की तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी।

# दुर्घटना में बाल बाल बचा वाहन स्वामी

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : लखनऊ मार्ग पर सुलतानपुर चांदा के निकट अचानक चलती गाड़ी की चपेट में एक नीलगाय आ जानें



से नीलगाय घायल हो गया जिससे उसका दो पैर टूट गया। नीलगाय की चपेट में आनें से गाड़ी भी छतीग्रस्त हो गयी और वाहन स्वामी बहुत चिंतित नजर आया।

## कबड्डी सीनियर बालक वर्ग में रेड व ग्रीन ने बाजी मारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर के गांव कोदहूं में स्थित विज्ञान संजीवनी सेंट्रल कालेज में पांच दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह के दूसरे दिन शानदार खेल का खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया। दर्शकों ने बीच बीच में ताली बजा कर बच्चों का हौसला अफजाई किया। जिसमें ब्लू,रेड,एलों,ग्रीन ने भाग लिया। कबड्डी जूनियर बालक वर्ग में ब्लू व यलो तथा रेड व ग्रीन में मैच खेला गया। जिसमें यलों एवं ग्रीन ने बाजी मारी। सीनियर बालक वर्ग रेड एवं यलों तथा ब्लू व ग्रीन के बीच खेल खेला गया। जिसमें रेड व ग्रीन विजेता घोषित हुए। सेक रेस बालिक वर्ग में रेड हाउस के प्रियंका ने बाजी मारी। सेक रेस में बालक वर्ग में ब्लू हालस के क्रिशू यादव ने बाजी मारी। निर्णायक भूमिका महेश चौरसिया, सीमा शुक्ला, अभिषेक मिश्रा व दीपक पाण्डेय ने निभाई। बच्चों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य रूप से पूर्व पायलट ऑफिसर राधेश्याम पाण्डेय,सह डारेक्टर श्वेता पाण्डेय,प्रधानाचार्य पंकज खन्ना, धर्मराज यादव,सुनील यादव व नगेन्द्र यादव आदि मौजूद थे।

# तीन वारन्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया चालान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मारपीट के मुकदमें में आरोपित दरियावगंज गांव निवासी जय सिंह चौहान पुत्र जगदेव व सूबेदार पुत्र निरंजन एवं टिकरी गांव निवासी सुरेन्द्र यादव पुत्र केदार को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया गया।

## अधिवक्ता संघ का चुनाव कार्यक्रम की तिथि घोषित : तहसील परिसर में बढ़ी चुनावी सरगर्मी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अधिवक्ता संघ के चुनाव की तिथियों की घोषणा हो गई है ।16 दिसम्बर को नामांकन व 30 दिसम्बर को मतदान होगा ।शुक्रवार को चुनाव समिति की बैठक में उक्त निर्णय लिया गया है ।तहसील परिसर में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। अधिवक्ता भवन में शुक्रवार को चुनाव समिति के सदस्यों केदार नाथ यादव,दिनेश चंद्र सिन्हा,आर पी सिंह,जगदंबा प्रसाद मिश्रा,अशोक कुमार श्रीवास्तव की बैठक सम्पन्न हुई ।जिसमें सर्व सम्मति से अधिवक्ता संघ के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई ।जिसमें मतदाता सूची का प्रकाशन 12 दिसम्बर को,आपत्ति 13–14 दिसम्बर,आपत्ति का निस्तारण व अन्तिम सूची का प्रकाशन 15 दिसंबर को होगा ।16 व 17 दिसंबर को नामांकन ,नाम वापसी 19–20 दिसंबर को,मतदान 30 दिसंबर को 11 बजे से तीन बजे तक व उसी दिन मतगणना 3 बजे से परिणाम आने तक होगी ।

## राष्ट्रीय जेंडर अभियान व महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने हेतु रामराज इंटर कॉलेज धर्मापुर में किया गया कार्यक्रम

जौनपुर सू.वि. : जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय जेंडर अभियान व महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव उन्मूलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु रामराज इंटर कॉलेज, धर्मापुर में महिला शक्ति केंद्र द्वारा कार्यक्रम किया गया। महिला शक्ति केंद्र की टीम द्वारा महिलाओं व



बालिकाओं हेतु सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित सभी टोल फ्री नंबर जैसे 181 महिला हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर, 1098 चाइल्डलाइन नंबर, 112 पुलिस तत्काल सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से संबंधित जैसे शारीरिक हिंसा, लैंगिक हिंसा, भावात्मक हिंसा, आर्थिक हिंसा, आदि पर चर्चा की गई और उससे निपटने हेतु उपाय बताए गए। उसी के क्रम में घरेलू हिंसा से संबंधित कुछ कानून संबंधी प्रावधान का भी जिक्र किया गया। सरकार द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर जोकि महिलाओं के लिए एक सखी के रूप में कार्य कर रहा है, जिसमें एक ही छत के नीचे महिला व बालिका को 5 तरह की सुविधाओं से आच्छादित किया जाता है, वन स्टॉप सेंटर में चिकित्सकीय सुविधा, पुलिस चौकी, लीगल वकील सुविधा, काउंसलिंग सुविधाओं से किसी महिला या बालिका को राहत दी जाती है। इसी क्रम में वहां उपस्थित सभी बालिकाओं से बताया गया कि यदि किसी बालिका को कोई भी परेशानी आए तो सबसे पहले वह उस परेशानी का डटकर सामना करें, उसके पश्चात यदि निवारण नहीं हो पा रहा है तो 181 महिला हेल्पलाइन पर कॉल करके अपनी समस्या बताकर समस्या का निदान पा सकती है यदि महिला व बालिका अपना नाम गोपनीय रखना चाहती हैं तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। उक्त कार्यक्रम में जिला समन्वयक बबीता व प्रतिभा सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्या शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित रहे।

# बीजीडी–15 लॉन्च के लिए बीगौस और फोर–एन ऑटो टेक ने किया समझौता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बीगौस ने अपने पार्टनर फोर एंड ऑटो टेक के सहयोग से शुक्रवार को लखनऊ में अपने तीसरे स्कूटर EV-BG D15 को लांच किया। आरआर ग्लोबल के संस्थापक और प्रबंध निदेशक, हेमंत काबरा ने कहा कि "हम अपने भरोसेमंद साथी फोर–एन ऑटो टेक के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश में अपने डी–15 मॉडल स्कूटर को लांच करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। लखनऊ एक बहुत ही प्रगतिशील बाजार है और हमें यकीन है कि BG D–15 इलेक्ट्रिक स्कूटर शहर के लोगों को आकर्षित करेगा। उपभोक्ताओं को बेहतरीन राइडिंग अनुभव देने के साथ–साथ उन्हें उन्नत सुविधाओं को प्रदान करना ही हमारा लक्ष्य है। सौ फीसदी मेड इन इंडिया इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की टेस्ट राइड में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर आरआर ग्लोबल के निदेशक सुधीर कासत भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर फोर–एन ऑटो टेक के पार्टनर, नीलेश गुप्ता ने कहा, हमें विश्वास है कि क–15 शहर में ईवी उत्साही लोगों की बढ़ती मांगों को पूरा करेगा। BG D15 अत्यधिक गर्मी और से सुरक्षा के साथ पूरी तरह से वाटरप्रूफ, IP 67 रेटेड,



इलेक्ट्रिक मोटर और बैटरी से लैस है। बीगौस ने ऐसे स्कूटर को डिजाइन किया है, जो स्मार्ट बैटरी, मोटर कंट्रोलर जैसी उपयोगी सुविधाओं से लैस है। बीजीडी 15 में रिमूवेबल बैटरी, इनबिल्ट नेवीगेशन, डिजिटल स्पीडोमीटर, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, की लेस स्टार्ट मोबाइल चार्जिंग के लिए यूएसबी पोर्ट कॉल, वन नोटिफिकेशन अलर्ट जैसी तमाम सुविधाएं मौजूद हैं। ग्राहक इस स्कूटर को बीडी लॉन, ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन, कानपुर रोड, लखनऊ स्थित बीगौस शोरूम से बुक कर सकते हैं। d15i की कीमत 99,999 रुपए है तो वहीं D15 प्रो की कीमत 1,14,999 रुपए है। बीगौस इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम की मैनेजिंग डायरेक्टर निवेदिता मित्तल के सफल संचालन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# वैश्विक उद्योग जगत के लिए बेहतरीन मंच होगा यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ स्टार्टिंग बिजनेस के शानदार माहौल से प्रभावित ऑस्ट्रेलियाई निवेशकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान औद्योगिक दल ने उत्तर प्रदेश में विविध सेक्टरों में निवेश की संभाववनाओं पर चर्चा की, साथ ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में सहभागिता के लिए उत्साह भी जताया। उत्तर प्रदेश आगमन पर प्रतिनिधिमंडल का अभिनन्दन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत सुखद है कि आज जबकि उत्तर प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल जर्मनी में औद्योगिक जगत के प्रतिनिधियों, निवेशकों के साथ उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा कर रहा है, वहीं ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी हाई कमिश्नर सारा स्टोरे के नेतृत्व में एक औद्योगिक निवेशकों का समूह उत्तर प्रदेश के औद्योगिक माहौल का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने प्रदेश की राजधानी में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार 10 से 12 फरवरी, 2023 तक लखनऊ में एक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है। राज्य में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी के लक्ष्य के साथ हमारा प्रयास है कि राज्य में उपलब्ध असीम व्यावसायिक अवसरों से देश और दुनिया लाभान्वित हो सके। यह इन्वेस्टर्स समिट वैश्विक औद्योगिक जगत को आर्थिक विकास में सहयोग करने के लिए एक इंटिग्रेटेड मंच प्रदान करने में उपयोगी सिद्ध होगा। ऑस्ट्रेलिया के उद्यमियों/निवेशकों का सहयोग इस समिट को नई ऊंचाई तक ले जाने में उपयोगी होगा। कहा कि लगभग 250 मिलियन करोड़ आबादी वाला उत्तर प्रदेश भारत में सबसे बड़ी आबादी का प्रदेश है। यह भारत का हृदय स्थल है। यहां की उर्वर भूमि इस प्रदेश की समृद्धि का मूलाधार है। हम भारत में खाद्यान्न उत्पादन में प्रथम स्थान पर हैं। शुगर और एथेनाल का उत्पादन सर्वाधिक यहीं होता है। विभिन्न सब्जियों और फलों के उत्पादन में हम नम्बर देश में प्रथम स्थान पर हैं। प्रकृति और परमात्मा की असीम कृपा वाला उत्तर प्रदेश आज भारत की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में नई पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आकार में भारत का चौथा सबसे बड़ा राज्य है। हमारे राज्य में 25 करोड़ नागरिक निवास करते हैं, जो इसे भारत का सबसे बड़ा श्रम एवं उपभोक्ता बाजार बनाते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार वायु, जल, सड़क एवं रेल नेटवर्क के माध्यम से निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए त्वरित गति से बुनियादी ढांचे का विकास कर रही है, जिससे उद्योगों को वैश्विक एवं घरेलू बाजार तक पहुंच बनाने में लॉजिस्टिक्स की सुलभता में वृद्धि होगी। प्रदेश में उपलब्ध शानदार कनेक्टिविटी से अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 07 क्रियाशील व 06 निर्माणाधीन एक्सप्रेसवेज के साथ उत्तर प्रदेश 'एक्सप्रेसवे राज्य के रूप विश्वस्तरीय रोड कनेक्टिविटी की उपलब्धता है। यह एक्सप्रेस–वे पूरे राज्य में मैन्युफैक्चरिंग केंद्रों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करते हैं। उत्तर प्रदेश 05 अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला देश का एकमात्र राज्य बनने जा रहा है। यहां देश का पहला अंतर्देशीय जलमार्ग (इनलैंड वॉटर–वे), विकसित किया जा रहा है। सबसे बड़ा रेल नेटवर्क उत्तर प्रदेश मे है। हमारे पास दुनिया की सबसे उर्वर भूमि है, सबसे संपन्न जल संसाधन है। जीरो बजट वाली विषमुक्त खेती के रूप में उत्तर



प्रदेश प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की योजना पर काम कर रहा है। यह किसानों की आय को बढ़ाने में बड़ा उपयोगी प्रयास होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि के बाद एमएसएमई क्षेत्र यहां रोजगार का सबसे बड़ा क्षेत्र है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से हमने प्रदेश के परंपरागत उद्यम की मैपिंग की और उस अनुसार कार्यक्रम बनाये तो आज 90 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं जो करोड़ों युवाओं के सेवायोजन का माध्यम बनी हैं। एक जिला एक उत्पाद की जो हमारी अभिनव योजना है। हर जिले का अपना यूनिक उत्पाद है, हम उसकी ब्रांडिंग, मार्केटिंग कर रहे हैं। यह योजना हमें अपने निर्यात को बढ़ाने में बड़ा सहायक सिद्ध हो रही है। उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य है तो हमारे सामने चुनौतियां भी बहुत हैं। यह चुनौतियां हमें बड़े अपने लिए बड़े लक्ष्य तय करने और कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित करती है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि वैश्विक महामारी कोविड–19 के लिए हमारी प्रबंधन नीति को विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित अनेक वैश्विक संस्थाओं ने सराहा है। तमाम चुनौतियों के बाद भी उत्तर प्रदेश आज पॉवर सरप्लस और रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में अपने बड़े लक्ष्यों के साथ लगातार आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य में अनेक औद्योगिक परियोजनाओं पर काम कर रही है। आईटी/आईटीईएस, डेटा सेंटर, ईएसडीएम, डिफेंस एवं एयरोस्पेस, इलेक्ट्रिक वाहन, वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, टेक्सटाइल, एमएसएमई, आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए लगभग 25 नीतियों को तैयार करके नीति संचालित शासन के माध्यम से औद्योगिक विकास के अनुकूल इको सिस्टम बनाने की दिशा में अनेक सुधारात्मक कदम उठाए हैं। उत्तर प्रदेश भारत की शिक्षा और स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण केंद्र है। आईआईटी और आईआईएम जैसी विश्वस्तरीय संस्थाओं के साथ 79 विश्वविद्यालय हैं। कृषि विश्वविद्यालय हैं। 02 एम्स के अलावा हम हर जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना कर रहे हैं। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में भी निवेशकों के लिए उपयुक्त अवसर है। कहा कि सरकार राज्य में अनेक औद्योगिक परियोजनाओं पर काम कर रही है। भारत को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य के साथ स्थापित हो रहे दो डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में से एक का विकास उतर प्रदेश में विकसित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 6– नोड्स, आगरा, अलीगढ़, कानपुर, लखनऊ, झासी एवं चित्रकूट चिन्हित हैं। इसके अलावा, यहां सर्विस और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में भी निवेश की असीम संभावनाएं हैं। ऑस्ट्रेलियाई दल की विविध जिज्ञासाओं का समुचित समाधान करते हुए मुख्यमंत्री जी ने सभी को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। साथ ही कहा कि राज्य सरकार अपने निवेशकों के व्यावसायिक हितों का संरक्षण करती रही है। हमारी नीतियां वैश्विक जगत के लिए उत्साहवर्धक होंगी। सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न इस बैठक में ऑस्ट्रेलियाई निवेशक समूह ने उत्तर प्रदेश की अनेक सेक्टोरल पॉलिसी पर चर्चा की, साथ ही जीआईएस 2023 में सहभागिता करने के लिए अपना उत्साह भी जताया।

# देवकाली तिराहा – बेनीगंज संपर्क मार्ग के निर्माण से लोगों में दिखी खुशी की लहर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आज से दो सप्ताह पूर्व प्रकाशित खबर ''देवकाली तिराहा से बेनीगंज संपर्क मार्ग हुआ गड्ढे में तब्दील''का असर मंगलवार की देर शाम उस समय दिखाई दिया।जब इस मार्ग के निर्माण के लिये जिला प्रशासन का बुलडोजर चला।इस मौके पर निर्माण कार्य करा रहे लोगों ने बताया कि अगर देखा जाय तो बेनीगंज देवकाली तिराहा संपर्क मार्ग बीच में कुछ जगह छोड़कर बाकी सीसी मार्ग बना हुआ है।बीच बीच में जहां पर सड़क जर्जर हालत में है वहां पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है।इस जगह पर जब मार्ग बन जायेगा तो पूरा देवकाली तिराहा से बेनीगंज संपर्क मार्ग पूरी तरह से सही हो जायेगा।मालूम हो कि देवकाली तिराहा से बेनीगंज संपर्क मार्ग बीच में गड्ढे में तब्दील हो गया था।इस मार्ग को देखकर ऐसा लगता था कि यह सड़क सड़क न होकर गड्ढे मे सड़क है। जिसके चलते इधर से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सबसे अधिक इधर से गुजरने वाले दिव्यांगो, बुजुर्गों, ई– रिक्शा, छोटे छोटे स्कूली बच्चे इस गड्ढों के चलते गिरकर चोटिल होते थे।यहां पर हमेशा इन गड्ढों में पानी भरा रहता था और सबसे खराब स्थिति बारिश के दिनों में होती थीं।मालूम हो कि यह मार्ग अति



व्यस्ततम रहता है।जिसके चलते इधर से मंदिर, कोचिंग व स्कूल होने के चलते श्रद्धालु, छात्र छात्राओं की भीड़ लगी रहती है।जिसके चलते इधर से गुजरने वाले वाहन चालक व अन्य राहगीर इस गड्ढों में फंसकर चोटिल होते थे।जिसके चलते इस गंभीर समस्या को स्वतंत्र चेतना समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था।फिलहाल यहां पर मार्ग का निर्माण होने से स्थानीय लोगों व इधर से गुजरने वाले लोगों के चेहरे पर खुशी की लहरें दिखाई दे रही थी।इधर से गुजरने वाले स्थानीय लोगों व राहगीरों ने एक सुर में बताया कि इस मार्ग के निर्माण से इधर से गुजरने में काफी आसानी होगी।गड्ढों से मुक्ति मिलेगी।कुल मिलाकर इस मार्ग के बनने से लोगों में खुशी की लहर दिखाई दे रही थी।

# 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी में सेनानायक डाक्टर मिश्र ने किया वृक्षारोपण

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) गुरुवार को 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी मीडिया सेल के मुताबिक 34 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी परिसर में परिसर में सेनानायक डॉ. राजीव नारायण मिश्र (आई.पी.एस) द्वारा एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाकर, भारतीय स्टेट बैंक वाराणसी द्वारा उपलब्ध कराए गए 550 से अधिक फलदार व अन्य पौधों का वाहिनी परिसर में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर सेनानायक डॉ0 मिश्र द्वारा अमलतास का पौधा लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।वही इसी कड़ी में क्षेत्रीय महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक प्रशान्त कुमार सिंह, एसबीआई इंडस्ट्रियल स्टेट चाँदपुर वाराणसी शाखा प्रबंधक तेज नारायण राय, सहायक सेनानायक 34वीं वाहिनी, नरेश सिंह यादव, शिविरपाल देवपाल एवं वाहिनी के अन्य जवानो द्वारा विभिन्न प्रजातियों के – रुद्राक्ष, चंदन, अमलतास गुलमोहर, 'बॉटल ब्रश' महुआ, आम, नीम, जामुन एवं मोलसड़ी के पौधे रोपित किए गए। नए रोपित किए गए पौधों की देखभाल हेतु वाहिनी के हर जवान को एक



पौधा आवंटित किया गया।इस अवसर पर जवानों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वृक्षारोपण की महत्ता समझाते हुए डॉ0 मिश्र ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का अनमोल रतन है। इस मौके पर उन्होंने वृक्ष लगाते हुये वृक्ष बचाएं के मूलमंत्र को अत्मसात करने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर जागरूकता एवं पौधरोपण परम आवश्यक है।इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में दलनायक ब्रजेश राय, सूबेदार मेजर विन्ध्यवासिनी पाण्डेय व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म कर नाबालिग की हत्या के दोषी को फांसी की सजा : कोर्ट ने 26 दिन के अंदर सुनाया फैसला

मथुरा ब्यूरो : मथुरा में दुष्कर्म के बाद नाबालिग लड़की की हत्या करने वाले युवक को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। इस जघन्य मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट विपिन कुमार की अदालत ने आरोप पत्र दाखिल होने के 26 दिन के अंदर आरोपी युवक को दोषी मानते हुए शुक्रवार को फैसला सुनाया। दोषी पर 45 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इस केस की सरकार की ओर से पैरवी कर रहीं स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट अलका उपमन्यु ने बताया कि मृतका की मां ने थाना जैंत में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक 13 अक्तूबर 2022 की शाम जैंत निवासी युवक सतीश उनकी 10 वर्षीय बेटी को घुमाने के बहाने ले गया। उसने दुष्कर्म के बाद बेटी की हत्या कर शव को पीएमबी पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास जंगल में फेंक दिया, जिसे पुलिस ने बरामद किया था। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। 14 नवंबर को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल किया। इसकी सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट विपिन कुमार की अदालत में हुई। कोर्ट ने मुकदमे में गवाही और सुबूतों के आधार पर अभियुक्त को दोषी माना। दोष सिद्ध होने के बाद शुक्रवार को अभियुक्त सतीश को मृत्युदंड की सजा दी गई है। अदालत ने ये सजा भी सुनाईं इसके अलावा अभियुक्त सतीश को धारा–363 भारतीय दंड संहिता के तहत पांच वर्ष के कठोर कारावास और पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड अदा ना करने पर अभियुक्त



को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। अभियुक्त सतीश को धारा 1–376 एबी भारतीय दंड संहिता के तहत आजीवन कारावास की सजा भी सुनाई गई। वहीं 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। यह अर्थदंड अदा ना करने पर अभियुक्त छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगेगा। उपमन्यु ने बताया कि सभी सजाएं साथ–साथ चलेंगी। अभियुक्त न्यायिक अभिरक्षा में है। इस निर्णय की प्रति उच्च न्यायालय इलाहाबाद को मृत्युदंड की पुष्टि के लिए भेजी जाएगी। वहीं अभियुक्त पर लगे अर्थदंड में से 80 प्रतिशत धनराशि मृतका के माता–पिता को दी जाएगी। पीड़िता के माता–पिता ने कहा कि इतनी जल्दी हमें न्याय मिला है, इसके लिए अदालत का आभार प्रकट करते हैं। हमें न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है। अभियुक्त के वकील योगेश तिवारी ने कहा कि अभियुक्त ने अपना जुर्म कबूल कर लिया था, इसलिए यह सजा हुई है।

# सहकारी गन्ना विकास समितियों के कार्मिकों हेतु खुशखबरी

जौनपुर सू.वि. : उप गन्ना आयुक्त/जिला गन्ना अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह द्वारा बताया गया कि आयुक्त, गन्ना एवं चीनी/निबन्धक, सहकारी गन्ना एवं चीनी मिल समितियाँ उ.प्र. द्वारा प्रदेश की सहकारी गन्ना विकास समितियों एवं प्राधिकरणों में कार्यरत कार्मिकों के आर्थिक हितों में अभिवृद्धि करने एवं उनका मनोबल बढ़ाने के लिए गन्ना समितियों के साथ–साथ जिला गन्ना सेवा प्राधिकरणों में भी बढ़ा हुआ डी.ए. स्वीकृत कर दिया गया है। डी.ए. कर्मचारियों को मंहगाई को ध्यान में रखते हुए उनके खर्चा को सहन करने में मदद करने के लिए दिया जाता है। आर्थिक रूप से मजबूत सातवें वेतनमान की समितियों के साथ–साथ छठे एवं पंचम वेतनमान की गन्ना समितियों एवं जिला गन्ना सेवा प्राधिकरणों में भी बढ़े हुए डी.ए. की स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्मिकों से अपेक्षा है कि वह विभाग की विश्वसनीयता अक्षुण्य रखने के उद्देश्य की पूर्ति के लिए पूर्ण मनोयोग से अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करें साथ ही अपनी संस्था को और अधिक मजबूत बनाने हेतु सदैव प्रयासरत रहें।

# सूनसान मार्गों के अलावा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जब से एसएसपी मुनिराज जी ने इस जिले की कमान संभाली है तब से उनके कार्यप्रणाली से अपराधियो के साथ साथ पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।इस समय यही लगता है कि उनकी कथनी करनी में फर्क फर्क नहीं है।क्योंकि उन्होंने अपने पहले ही बैठक में जहां एक ओर अपराधियों को सुधरने की चेतावनी देते हुये कहा कि वे अपने आचरण में सुधार लाये नहीं तो वे जेल जाने को तैयार रहे। वही इस मौके पर उन्होंने पुलिस कर्मियों को भी सचेत करते हुये कहा कि उन्हें लापरवाही व विवेचना से कोई छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं है अगर कोई इस तरह करते हुये पाया गया तो उसकी जगह पुलिस लाइन ही होगी।इसी तरह गुरुवार को उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को सख्त दिशा निर्देश जारी करते हुये कहा कि वाहन चेकिंग अभियान भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में चलाकर सूनसान क्षेत्रों में जाकर चलाते। इससे आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने वाले लोग पुलिस की गिरफ्त में होगे।उनके निर्देश पर जहां एक ओर शहर से लेकर देहात तक सभी बैंकों में पुलिसकर्मियों ने चेकिंग अभियान चलाया।इस अभियान के तहत पुलिस कर्मियों ने वहां पर मौजूद सीसीटीवी कैमरा,इमरजेंसी अलार्म,आग लगने पर उससे बचाव के इंतजाम,बैंक के अन्दर व बाहर लोगों को टप्पेबाजों से सचेत रहने को कहा।वही सुरक्षा की दृष्टि से बैंक,होटल, ढाबा,रेलवे



स्टेशन,बस स्टेशन व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर वहां पर मौजूद संदिग्ध अवस्था में दिखे लोगों से पूछताछ किया। संतोषजनक जवाब मिलने के बाद ही पुलिस ने उन्हें छोड़ा। वही इसी कड़ी में उनके निर्देश पर सभी थाना प्रभारियों व थानाध्यक्षों ने अपने अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के साथ विभिन्न सूनसान मार्गों व जिले के सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया।इस अभियान के तहत पुलिस कर्मियों ने इधर से गुजरने वाले वाहन चेकिंग अभियान चलाया।जिसमें इस मौके उन वाहन स्वामी व चालकों के प्रति पुलिस ने कार्यवाही किया जो या तो संदिग्ध अवस्था में दिखे या फिर यातायात नियमों की अनदेखी करते हुये पाये गये।

# आरटीओ ने ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाकर कसा शिकंजा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ओवरलोडिंग और यात्री वाहनों में अनधिकृत संचालन पर अंकुश लगाने के लिये आरटीओ प्रवर्तन ऋतु सिंह के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया।इस मौके पर उन्होंने 66 ओवरलोड वाहन चालान किया।जिसमें 45 वाहन कब्जे में लेकर व अनधिकृत संचालन में 30 वाहनों सहित कुल 263 वाहनों का चालान किया गया।इस मौके पर आरटीओ प्रवर्तन ने बताया कि इस समय ओवरलोडिंग और यात्री वाहनों में अनधिकृत संचालन पर हर हाल में रोक लगाने के सघन चेकिंग अभियान लगातार चलाया जायेगा। ओवरलोड व अनधिकृत वाहन पर इसलिये रोक लगाने की आवश्यकता है कि ओवरलोडिंग से न सिर्फ राष्ट्र की सम्पत्ति को नुकसान पहुँचा रहें हैं वरन् टैक्स चोरी कर राजस्व क्षति भी पहुँचा रहें हैं।अतः प्रभावी चेकिंग अभियान चलाकर उन वाहनों का चालान किया जा रहा है।अगर कोई वाहन स्वामी व चालक नियम विरुद्ध कार्य करता है तो उसके विरुद्ध प्रवर्तन अधिकारियों के कार्यवाही की संस्तुति उच्च स्तर पर कर दी जायेगी।यह चेतावनी देते हुए आरटीओ (प्रवर्तन) सुश्री ऋतु सिंह द्वारा अयोध्या मण्डल के सभी प्रवर्तन अधिकारियों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गये।उसी क्रम में के क्रम मे छः दिसंबर व सात दिसंबर को सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। एक अप्रैल 2022 से अब तक लगभग 3400 ओवरलोड वाहनों का चालान किया जा चुका है और 3420 अनधिकृत संचालित यात्री वाहनों जैसे – बसों, टैक्सी आदि के खिलाफ कार्यवाही की जा चुकी है। इस अभियान में बी०डी० मिश्रा, नन्द कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, सर्वेश गौतम, संदीप चौधारी, अंकिता शुक्ला, उमा शंकर मिश्रा, खुर्शीद अहमद, मनोज शुक्ला, (प्रवर्तन) अधिकारियों द्वारा प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी।

# चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने किया चालकों से यातायात नियमों के पालन करने की अपील

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) एसएसपी मुनिराज के दिशा निर्देश पर शुक्रवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में संबंधित थाना प्रभारियों व थानाध्यक्षों ने अपने अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के साथ सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया।वही इसी कड़ी में सीओ यातायात प्रमोद कुमार यादव के अलावा निरीक्षक यातायात आशुतोष शुक्ला,यातायात निरीक्षक प्रमोद कुमार लहरी सहित अन्य यातायात कर्मियों ने जिले के प्रमुख चौराहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात के नियमों अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही किया।वही इस मौके पर पुलिस व यातायात विभाग के अधिकारियों ने इधर से गुजरने वाले वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि यह चेकिंग आपको परेशान करने के लिए नहीं बल्कि आपकी सुरक्षा के लिए लगाई जा रही है।क्योंकि वाहन चलाते समय अगर कोई दुर्घटना हो जाए तो सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग करने से आपकी जान बच सकती है इसलिए आप सभी लोगों से अपील है कि वाहन चलाते समय आप सभी लोग हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग सहित यातायात नियमों का पालन करे।यह पालन पुलिस के लिए ना करके आप अपने और अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए करें। क्योंकि आपका जीवन आपके व परिवार के लिये अमूल्य है।मालूम हो कि इस समय शहर से लेकर देहात क्षेत्र तक पिछले दिनों चौन स्नैचिंग,लूट हत्या सहित अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए एसएसपी ने अपने अधीनस्थ सभी पुलिसकर्मियों को सख्त हिदायत



देते हुए कहा है कि आप सभी चौराहों कस्बों के साथ–साथ सुनसान इलाकों में भी वाहन चेकिंग अभियान चलाएं।शुक्रवार को शहर के चौक,रिकाबगंज,गुदरी बाजार,फतेहगंज, नाका, रायबरेली रोड शांति चौक सहादतगंज,पुष्पराज चौराहा,साहबगंज – बेनीगंज तिराहा के अन्य चौराहो के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में उन जगहों पर जहां पर सुनसान इलाको व जिले के सभी सभी पाइंटो व बार्डर पर संबंधित थाना प्रभारियों व थानाध्यक्षों ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया।इस चेकिंग अभियान में खासकर उन वाहन चालकों पर पुलिस ने शिकंजा कसा जो दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग नही किया था।इसके अलावा जो वाहन चालक यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए दिखाई देते नजर आये उनके प्रति भी पुलिस ने कार्यवाही किया। वाहन वाहन चेकिंग करते समय जहां एक ओर यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस व यातायात पुलिस ने शिकंजा कसा।

## 1 दिसंबर से एजे ट्रेन को बंद किए जाने पर नाराज लोगो ने किया विरोध

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एक दिसम्बर से एजे पैसेन्जर ट्रेन को रेलवे द्वारा बंद करने से नाराज सामाजिक कार्यकर्ता जज सिह अन्ना ने रैल यात्रीओ के साथ जरौना रेलवे स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन किया और मांग की की ट्रैन का संचालन शुरु किया जाय प्रयागराज संगम से सुबह 6 बजे छूटने वाली व जौनपुर जं 9.15 बजे पहुंचने वाली पैसेंजर ट्रेन को बिना किसी सूचना के बिना कोहरा के अचानक रेल भवन नई दिल्ली, जीएम डीआरएम उत्तर रेलवे द्वारा बंद किए जाने के कारण लोग नाराज है जौनपुर जिला मुख्यालय पर आने जाने वाले यात्रीओ को दिक्कत का सामना करना पड रहा है जिससे नाराज लोगों जरौना रेलवे स्टेशन पर सामाजिक कार्यकर्ता जज सिह अन्ना के साथ रेल मंत्री , चेयरमैन, जीएम डीआरएम उत्तर रेलवे के समस्त रेल अधिकारीयों के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया है रेल यात्रियों का कहना है कि हमारी पैसेंजर ट्रेन प्रयागराज संगम सुबह 6:00 बजे तत्काल चलाई जाए और 9.15बजे जौनपुर पहुंचे हजारों रेलयात्री इस ट्रेन से खचाखच भरी गाड़ी से जौनपुर पहुंचते हैं जो अकबरपुर टांडा फैजाबाद औड़ियार और जौनपुर आते जाते हैं जज सिंह अन्ना सहित समस्त रेल यात्रियों का कहना है कि सुबह 6 बजे प्रयागराज संगम से जौनपुर पैसेंजर ट्रेन कुल दूरी 100 किलोमीटर है नहीं चलाई जाती है तो हम रेलयात्री लोग करो या मरो प्रयागराज जौनपुर रेलखंड पर करने को तैयार है । जज सिंह अन्ना सहित समस्त रेलयात्रियों ने कहा कि जरौना कटवार बरसठी भन्नौर बारीगांव नेवादा , मड़ियाहूं, सुदनीपुर, जाफराबाद में प्रतिदिन रेल प्रदर्शन होगा।

# स्मारिका अयोध्या का विमोचन कल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शहर के हैदरगंज मोहल्ले में स्थित श्री चित्रगुप्त शिव मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन दस दिसंबर शनिवार को सांय चार बजे किया गया है।वही सांय चार बजे स्मारिका अयोध्या मिशन का विमोचन किया जायेगा।इस मौके पर भंडारे का आयोजन होगा।जहां मुख्य अतिथि केध रुप में हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास जी मौजूद रहेंगे।यह जानकारी चित्रांश सेवा ट्रस्ट हैदरगंज के अध्यक्ष के सी श्रीवास्तव ने दिया।

# आरक्षण मामले में फैसला सुरक्षित : अभ्यर्थियों को दोहरा आरक्षण देने का आरोप

लखनऊ ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने 69000 सहायक शिक्षक भर्ती मामले में आरक्षित वर्ग की 19000 सीटों पर आरक्षण के मुद्दे पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया है। न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ल की एकल पीठ के समक्ष इस मामले में अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों की याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को सुनवाई



हुई। अब कोर्ट इन पर फैसला सुनाएगा। याचियों का आरोप है कि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को अध्यापक पात्रता परीक्षा (टीईटी) तथा सहायक अध्यापक परीक्षा में अंकों में छूट देकर दोहरा आरक्षण दिया जा रहा है। इसको लेकर अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने याचिका दाखिल कर अपने अधिवक्ता अमरेंद्र नाथ त्रिपाठी के माध्यम से बहस की। जिस पर राज्य सरकार के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि अध्यापक पात्रता परीक्षा एक अर्हता परीक्षा है तथा इसमें दी गई अंकों की छूट या आरक्षण सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा के चरण में लागू नहीं होते हैं। यह उस परीक्षा का भाग नहीं है। इसके जवाब में याचियों के अधिवक्ता ने कहा कि जब अध्यापक पात्रता परीक्षा सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा का भाग नहीं है तो फिर इन्हें अध्यापक पात्रता परीक्षा में अंकों में छूट आरक्षण के आधार पर क्यों दी जाती है? इस पर सरकारी अधिवक्ता ने कहा कि इस भर्ती में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को डबल रिजर्वेशन नहीं दिया जा रहा है। बल्कि यह भर्ती बेसिक शिक्षा नियमावली 1981 तथा आरक्षण नियमावली 1994 के तहत की जा रही है। ऐसे में अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा डबल रिजर्वेशन पर दाखिल की गई याचिकाओं का कोई महत्व नहीं है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया। साथ ही कहा कि हफ्ते भर में पक्षकारों के अधिवक्ता अपनी लिखित बहस दाखिल कर सकते हैं।

# तेज रफ्तार ट्रक ने लोडर को मारी टक्कर : हादसे में तीन भाइयों की मौत

कानपुर ब्यूरो : कानपुर के घाटमपुर में गुरुवार रात करीब 11 बजे कानपुर–सागर हाईवे पर धरमपुर बंबा के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें एक तेज रफ्तार ट्रक ओवर टेक करने के प्रयास में लोडर को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे स्थित घर में जा घुसा। इस हादसे में लोडर सवार तीन भाई में से एक की मौके पर मौत हो गई। वहीं, दो गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी पतारा से उपचार के लिए हैलट रेफर कर दिया गया। देर रात हैलट में उपचार के दौरान दोनों की सांसें थम गईं। पतारा ब्लॉक के हिरनी गांव निवासी नरेंद्र (35) शटरिंग का काम करते थे। गुरुवार रात करीब 11 बजे वह अपने छोटे भाई सुनील (22) व चचेरे भाई सुरेश (30) के साथ कानपुर के बर्रा से शटरिंग लगाकर लोडर से गांव वापस लौट रहे थे। ओवर टेक करने में हुआ हादसा रास्ते में धरमपुर बंबा के पास विपरीत दिशा से आए तेज रफ्तार ट्रक ने ओवर टेक करने के प्रयास में लोडर को जोरदार टक्कर मार दी। इससे लोडर हाईवे किनारे स्थित घर में जा घुसा। हालांकि घर में कोई नुकसान नहीं हुआ। इधर, आमने–सामने की टक्कर में लोडर के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार तीन भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह तीनों को बाहर निकाला। तब तक सतीश की सांसें थम चुकी थी। गांव में पसरा है मातमी सन्नाटा वहीं, गंभीर घायल नरेंद्र व सुनील को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद हैलट रेफर कर दिया गया। यहां दोनों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे की जानकारी पर परिवार में कोहराम मच गया। गांव में मातम का माहौल हो गया। इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।